use of the land by Railways when required, with a view to generating additional resources for Railways' developmental projects.

(b) No, Sir. There is, however, a proposal in this regard which is in initial stages.

(c) About 61,000 hectare of railway land is lying vacant at present, of which only a small portion will be suitable for commercial exploitation. The matter is in conceptual stage.

बगहा और छितौनी के बीच छोटी लाइन का बदला जाना

1105. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बगहा और छितौनी के बीच छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य कब आरंभ हुआ था और इसकी अनुमानित लागत कितनी है ;

(ख) इस परियोजना का कार्य कब तक पुरा हो जाने की संभावना है और अभी तक इस पर कितनी राशि खर्च हुई है और इसके पूरा होने पर इस पर कितनी लागत आने की संभावना है ; और

(ग) इस परियोजना के कार्य के पूरा होने में बिलंब के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) बगहा और छितौनी के बीच छोटी लाइन को बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन करने का कोई कार्य नहीं चल रहा है । बगहा और छितौनी के बीच लाइन पुनःस्थापन की एक परियोजना है ।

(ख) और (ग) 31-12-91 तक खर्च की गई राशि 30 करोड़ रुपये है, रेलवे, जल संसाधन मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश और बिहार की राज्य सरकारों के बीच लागत वहन की भागीदारी के आधार पर यह कार्य अनुमोदित किया गया है । यद्यपि रेलवे ने अपने पूरे हिस्से की राशि जमा करा दी है और जल-संसाधन मंत्रालय तथा बिहार सरकार अपने हिस्से की राशि जमा कराने के लिए सहमत है, परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार अपने हिस्से की राशि जमा नहीं कर रही है । इस कार्य की प्रगति तथा इसका पूरा होना सभी सहभागीदारों द्वारा अपने हिस्से की राशि जमा करा देने पर निर्भर करेगा ।

शाहगंज से मऊ तक बाया आजमगढ़ मीटरगेज लाइन को बदलने की लागत

1106. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शाहगंज जंकशन से मऊ जंकशन तक मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने में अनुमानतः कितनी लागत आयेगी ;

(ख) इस लाइन पर कार्य कब तक आरंभ हो जाने की संभावना है ;

(ग) क्या इस परियोजना का कार्य वर्ष 1994 तक पूरा हो जाने की संभावना है ;

(घ) गत पांच वर्ष के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों पर अब तक जिलावार कितनी धन राशि खर्च की गई हैं ; और

(ङ) लाइन बदलने के संबंध में वर्तमान योजना का जिलावार ब्यौरा क्या है और उन पर कितने करोड़ रुपये की धन राशि खर्च किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) इस परियोजना की अनुमानित लागत 40.59 करोड़ रुपये (1991-92 की दरों पर) है ।